> मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद राजधानी में छठ पूजा का विस्तार हुआ है। पूरी दिल्ली में 11 सौ से अधिक घाटों पर पूजा हो रही है। कोरोना की वजह से थोड़ी रुकावट आई थी लेकिन इस साल हर्षोल्लास के साथ पूजा आयोजित हो रही है।
>
> -गोपाल राय, पर्यावरण मंत्री दिल्ली सरकार

पूजा आयोजनों में निगम चुनावों का भी असर : छठ पूजा आयोजन स्थलों पर आगामी निगम चुनावों का भी असर दिया। चुनाव का ही असर था कि भाजपा के सांसद मनोज तिवारी से लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के अलावा दिल्ली सरकार के कई विधायक व मंत्री पूजा आयोजन स्थलों पर सक्रियता से भागीदारी करते नजर आए। चूंकि दिल्ली में बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग रहते हैं जो निगम चुनाव के दौरान कई वार्ड में नतीजा प्रभावित करने वाली स्थिति में हैं।

पाबंदी पर निगरानी के लिए पांच सौ से ज्यादा टीम तैनात

रणनीति

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी दिल्ली में निर्माण और ध्वस्तीकरण के कामों पर रोक लगाने के लिए पांच सौ से ज्यादा टीमों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही धूल बैठाने के लिए पानी पर भी जोर दिया जा रहा है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर दिल्ली में ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू करने की रणनीति तय की।

बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में पर्यावरण मंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों की राय है कि एक नवंबर से हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अंदेशा है। हवा की दिशा उत्तर-पश्चिमी होने का अनुमान है। इसकी वजह से दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर जा सकता है। इसे देखते हुए केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप के तीसरे चरण को लागू करने के आदेश दिए हैं। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली के अंदर निर्माण से जुड़ी एजेंसियों के साथ बैठक की गई है।

इसमें पीडब्लूडी, सीपीडब्लूडी, डीडीए व निर्माण के काम में लगी अन्य एजेंसियों, पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू करने के लिए मजबूत निगरानी तंत्र तैयार किया गया है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि अक्सर ही यह देखने में आता है कि आदेश हो जाता है लेकिन उसका क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। पाबंदी के बावजूद निर्माण व ध्वस्तीकरण गतिविधियां चलती रहती हैं।

इसलिए बैठक के बाद कुल 586 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें निर्माण व ध्वस्तीकरण स्थलों का लगातार निरीक्षण करेंगी और पाबंदी को लागू कराएंगी। उन्होंने कहा कि निर्माण व ध्वस्तीकरण पर लगी पाबंदी पर कुछ विभागों को छूट दी गई हैं।

आनंद विहार और विवेक विहार पर विशेष नजर

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि आनंद विहार और विवेक विहार के निगरानी केन्द्रों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 अंक से ऊपर रहा। इसके पीछे वहां पर चल रहे निर्माण कार्य की भूमिका है। निर्माण संस्थाओं को धूल प्रदूषण से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। जबकि, 15 एंटी स्मोग गन की तैनाती भी की गई है। इसके अलावा निगम ने सात वॉटर स्प्रिंकलर मशीनें भी तैनात की हैं।

डीजल वाहनों पर अंकुश लगाया जाए

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि आनंद विहार में प्रदूषण का स्तर ज्यादा होने का एक कारण उत्तर प्रदेश के हिस्से में डीजल वाहनों की बड़ी संख्या भी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से निवेदन किया कि डीजल की बजाय सीएनजी बसों का संचालन किया जाए। ताकि, प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सके।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----------DATED----------

अवैध निर्माणकर्ताओं से उगाही स्वीकार्य नहीं : अरोड़ा

पुलिस आयुक्त ने कहा- कानून व उसके प्रवर्तकों पर जनता का विश्वास ही हमारी सफलता

संजय अरोड़ा

- आयुक्त ने जारी किया स्टैंडिंग आर्डर, माना- ऐसे आचरण से पेशेवर पुलिस की छवि होती है धूमिल
- अवैध निर्माण के संदर्भ में जानकारी होने पर या सूचना मिलने पर पुलिस को नहीं कार्रवाई करने का अधिकार
- अवैध निर्माण की जानकारी मिलने पर नगर निगम, डीडीए व अन्य संबंधित एजेंसियों को सूचित करने के निर्देश

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : माना जाता है कि राजधानी में अपनी या सरकारी जमीन, कहीं भी बगैर पुलिसकर्मी को रिश्वत दिए एक ईंट तक नहीं जोड़ा जा सकता है। निर्माण की सूचना मिलते ही बीट स्टाफ से लेकर पीसीआर, थाना पुलिस और भूमि से संबंधित एजेंसी के कर्मचारी वहां टूट पड़ते हैं। कहीं पूरी बिल्डिंग निर्माण करने के बदले में एकमुश्त रकम मांगी जाती है, तो कहीं लेंटर और स्क्वायर फुट के हिसाब से पैसों की मांग की जाती है। न देने पर निर्माण कार्य करना असंभव हो जाता है। ऐसे में राजधानीवासियों के लिए पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सुकून भरी खबर दी है। उन्होंने 22 अक्टूबर को स्टैंडिंग आर्डर जारी किया है, जिसमें साफ कहा गया है कि पुलिसकर्मी अवैध निर्माणकर्ताओं से उगाही करने से बाज आएं। अगर किसी पुलिसकर्मी को कहीं किसी तरह के अवैध निर्माण की जानकारी मिलती है, तो उसकी तस्वीरें खींचकर और संबंधित पक्ष से बयान आदि लेकर नगर निगम, डीडीए व अन्य संबंधित एजेंसियों को सूचित करें। बता दें कि इस तरह आदेश पहले भी कई बार जारी हो चुके हैं, लेकिन पुलिसकर्मी कुछ दिन बाद ही इसकी अनदेखी शुरू कर देते हैं।

आदेश में कहा गया है कि आए दिन अवैध निर्माण करने वालों से पुलिसकर्मियों द्वारा उगाही करने जैसे अनाचरण की शर्मनाक शिकायतें मिलती रहती हैं। इससे देश की सबसे बड़ी पेशेवर पुलिस बल की छवि धूमिल होती है। आयुक्त ने कहा है कि दिल्ली में सुशासन की अनेक चुनौतियों में से एक अवैध निर्माण भी है। प्राथमिक रूप से यह नगर निगम और अन्य भूमि नियोजन संस्थाओं के अधिकार क्षेत्र का मामला है, पर राज्य की विधि प्रवर्तन शाखा होने के नाते दिल्ली पुलिस की भी इसके प्रति अहम जिम्मेदारी बनती है। कानूनन अवैध निर्माण के संदर्भ में पुलिस की भूमिका केवल संबंधित एजेंसियों को सूचना देने की है। इसके अलावा पुलिस को आगे हस्तक्षेप का अधिकार तभी होता है, जब संबंधित एजेंसी द्वारा अवैध निर्माण रोकने, कामगारों को हटाने व निर्माण संबंधी सामग्री को जब्त करने के निर्देश प्राप्त हो। इस निर्देश का पालन भी कैसे किया जाए, उसके मापदंड भी तय हैं। दिल्ली पुलिस को उसी सूरत में हस्तक्षेप करने का अधिकार है जहां सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की सूचना मिले या अतिक्रमण उनके सामने हो रहा हो। आयुक्त का कहना है कि कानून और उसके प्रवर्तकों पर जनता का विश्वास ही हमारी सफलता की सर्वोत्तम कुंजी है। इस विश्वास के साथ किसी तरह का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। बीट, बाजार, आवासीय कालोनियों में तैनात पुलिसकर्मियों को अपनी जिम्मेदारी साफ पता होनी चाहिए। इसमें किसी अपवाद या कोताही की गुंजाइश नहीं होगी। आयुक्त ने कहा कि स्टैंडिंग आर्डर सभी के आचरण में शामिल होना चाहिए। इसका निरंतर पालन हो। सभी अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है। किसी भी चूक के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उपराज्यपाल ने एनडीएमसी में की ओएसडी की नियुक्ति

निहाल सिंह ● नई दिल्ली

दिल्ली सरकार से लेकर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सुधारों की कोशिश में जुटे एलजी वीके सक्सेना अब नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) पर भी नजर रखेंगे। इसके लिए उनके सचिव सुरेंद्र सिंह को एनडीएमसी में आफिसर आन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। एलजी अब सुरेंद्र सिंह के जरिये ही एनडीएमसी की परियोजनाओं पर नजर रखेंगे। अगर, कुछ त्वरित सुधार करने होंगे तो इस पर निर्णय भी ले सकेंगे।

उत्तर प्रदेश कैडर में 2005 के आइएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह को सितंबर में ही एलजी का सचिव नियुक्त किया गया था। इससे पूर्व वह मेरठ मंडल के कमिश्नर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ का पद संभाल रहे थे। दिल्ली के सेवा विभाग ने बृहस्पतिवार को ही सुरेंद्र सिंह को एनडीएमसी में ओएसडी नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में एनडीएमसी की रैंकिंग में आई गिरावट की चहुंओर आलोचना हो रही है, क्योंकि कभी श्रेष्ठ प्रदर्शनों के लिए पहला स्थान हासिल करने वाली एनडीएमसी आज तीसरे स्थान पर आ गई। विभिन्न सर्वेक्षण में भी एनडीएमसी की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठते रहे हैं। उपराज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद वीके सक्सेना ने एनडीएमसी इलाके में पौधारोपण और मार्गों की सुंदरता को लेकर निरीक्षण किया था। इतना ही नहीं, इसी वर्ष 30 मई को आई आंधी में गिरे पेड़ों के कारण पैदा हुई विकट स्थिति पर एलजी ने स्वयं निगरानी करते हुए पेड़ों की छंटाई करवाई थी।

एनडीएमसी की लगभग तीन वर्ष में स्मार्ट सिटी की कई परियोजनाएं सिरे नहीं चढ़ पाई हैं, जबकि एनडीएमसी राष्ट्रीय राजधानी में हैं। पैनिक बटन से लेकर ई-स्कूटर जैसी सुविधाएं दूसरे निकाय शुरू कर चुके हैं। इतना ही नहीं, कंट्रोल कमांड सेंटर शुरू करने में भी कई राज्य अव्वल रहे थे। उसके बाद एनडीएमसी इलाके में यह सुविधा शुरू हो पाई। विकास कार्यों के लंबित होने से एनडीएमसी की छवि भी धूमिल हो रही है। ओएसडी की नियुक्ति के जरिये राजनिवास से सभी योजनाओं की निगरानी होगी और विकास कार्यों को गति दी जा सकेगी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

नई दिल्ली। शनिवार • 29 अक्टूबर • 2022 राष्ट्रीय सहारा

छठ पूजा को लेकर एलजी ने सीएम को लिखा पत्र

नई दिल्ली (एसएनबी)। राजधानी में छठ पूजा के आयोजन की तैयारियों को लेकर उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर छठ घाटों पर चाक चौबंद व्यवस्था करने को कहा है। शुक्रवार को लिखे पत्र में एलजी से कहा है कि 840 घाटों को पूजा के लिए अधिकृत किया गया है। इन घाटों पर साफ-सफाई से लेकर बिजली, पानी समेत सभी तरह की व्यवस्था की जाए। बिहार एवं पूर्वांचल के लोगों के लिए यह सबसे बड़ा आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है। लाखों लोग इस महापर्व को बड़ी श्रद्धा और शिद्दत के साथ मनाते हैं। पत्र के मुताबिक दिल्ली में कुछ घाट ऐसे भी हैं, जहां 10 हजार से 40 हजार तक श्रद्धालु पूजा करने के लिए आते हैं। बीते दो साल से कोरोना महामारी की वजह से श्रद्धालु इस पर्व को मनाने से वंचित रहे। इस वजह से ही इस बार इसका महत्व और बढ़ गया है। इस आयोजन में दिल्ली पुलिस, एनडीएमसी एवं डीडीए को भी सहयोग करने का निर्देश दिया है।

छठ पूजा के लिए 840 घाट अधिकृत

पूजा घाटों पर चाक चौबंद व्यवस्था करने पर दिया जोर

पूर्वांचल के लोगों के लिए आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व : एलजी

उप-राज्यपाल ने पत्र में लिखा है कि सभी छठ पूजा घाटों की नियमित सफाई की जाए। सरकार यह सुनिश्चित करे कि पूजा घाटों पर श्रद्धालुओं को सभी तरह की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए पर्याप्त संसाधन मुहैया कराने के साथ ही सरकारी कर्मियों की तैनाती की जाए। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सूचित किया जाए और सोशल मीडिया पर भी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। घाटों से कूड़े को उठाने की नियमित व्यवस्था के साथ ही श्रद्धालुओं के साथ पर्यावरण फ्रेंडली व्यवहार हो। घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर खतरनाक स्थलों को चिह्नित करके पर्याप्त संख्या में वोट्स एवं गोताखोर लगाने की जरूरत है। सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लावरवाही नहीं बरती जाए। पत्र में भलस्वा झील, वजीराबाद, सोनिया विहार, मैदान गढ़ी, कालिंदी कुंज, बुद्ध विहार (उत्तर नगर) समेत कुछ घाटों का पत्र में विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इन घाटों पर 10 से 40 हजार तक श्रद्धालु पूजा के लिए आते हैं। ऐसे घाटों पर विशेष व्यवव्था करने की जरूरत है। संबंधित विभाग मिशन मोड में रहें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

पंजाब केसरी

यमुना में झाग से एलजी चिंतित, सीएम को पत्र

कहा, जहरीले झाग की समस्या से निपटा जाए

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :यमुना में झाग की समस्या पर चिंता जताते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। शुक्रवार को लिखे गए इस पत्र में उन्होंने सीएम से यमुना में जहरीले झाग के मुद्दे से निपटने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि यह दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है कि वह रविवार को त्योहार से पहले छठ पर घाटों की साफ-सफाई का खास ख्याल रखे। सक्सेना ने अपने पत्र में लिखा, 'यमुना में झाग और प्रदूषण का मुद्दा गंभीर चिंता का विषय है।

अगर इसे छोड़ दिया गया तो यह भक्तों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इसलिए इसका तत्काल निदान करने की आवश्यकता है।' एलजी ने छठ घाट पर खतरे के क्षेत्र को चिह्नित करने, दुर्घटना से बचने के लिए गहरे पानी की बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती और बचाव नौकाओं जैसे सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला है। उपराज्यपाल ने कहा है कि कुछ निर्दिष्ट घाटों जैसे भलस्वा झील, वजीराबाद-सोनिया विहार, बादली, बवाना औद्योगिक क्षेत्र, मैदान गढ़ी, कालिंदी कुंज और बुद्ध बाजार-उत्तम नगर में छठ पर लगभग 10,000 से 40,000 लोगों के मौजूद रहने की उम्मीद है। एलजी ने अपने पत्र में कहा, 'भीड़ प्रबंधन के लिए उचित योजना बनाने और सभी जगहों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस के साथ पहले ही चर्चा की जा चुकी है।' सक्सेना ने कहा कि उस दिन, बड़ी संख्या में भक्त दिल्ली भर के तालाबों, नदियों, जलाशयों, झीलों और इसी तरह के जल निकायों में उगते और डूबते सूरज की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड -19 महामारी के कारण उत्सव पर लगाए गए दो साल के प्रतिबंध के बाद, लाखों लोग दिल्ली भर में छठ का त्योहार मनाने के लिए तैयार होंगे। "यह मेरे संज्ञान में लाया गया है कि संबंधित विभागों द्वारा इस उद्देश्य के लिए 840 से अधिक साइटों की पहचान की गई है और उन्हें नामित किया गया है। उन्होंने कहा, "बड़ी सभाओं को देखते हुए, प्रशासन की ओर से यह अनिवार्य हो जाता है कि वह इस उत्सव में कोई कसर न छोड़ें।" उपराज्यपाल ने छठ घाटों पर सफाई की आवश्यकता और त्योहार के लिए जनशक्ति और रसद की व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली नगर परिषद, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विकास प्राधिकरण को भी अपने अधिकार क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NEW DELHI | SATURDAY | OCTOBER 29, 2022
DATED

L-G asks CM to deal with froth in Yamuna before Chhath puja

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Taking congnizance of foam formation at certain places in the Yamuna River, Delhi Lieutenant-Governor (L-G) VK Saxena wrote to Arvind Kejriwal asking him to deal with the issue of froth in the river before the festival on Sunday. In a letter, the L-G said that this was a matter of grave concern and if left unattended it may prove to be injurious to devotees and directed the Chief Minister to resolve it urgently.

The L-G, stated that Chhath Puja is one of the biggest festivals associated with the spiritual, cultural and religious faith of millions of people. It involves large number of devotees gathering at water bodies such as ponds, rivers, reservoirs and lakes across Delhi to worship the rising and setting sun.

According to reports, the Delhi Government has built around 1,100 ghats for Chhath Puja across the city.

Saxena said that the people in lakhs would be gearing up for celebrating the festival of Chhath across Delhi after two years of restrictions imposed on festivities due to the Covid-19 pandemic. The L-G said that more than 840 sites have been identified and designated for this purpose by the departments concerned. Anticipating large gatherings this year and keeping in mind the zeal and fervour with which the festival is celebrated, it becomes imperative on part of the administration to leave no stone unturned in the unfettered organization the festival at all designated Chhath Puja Ghats, with utmost professionalism.

Saxena said that it is the responsibility of the Government to ensure cleanliness at the Ghats before the festival, during and after the religious ceremony is also of paramount importance.

The L-G said that this is necessary that sufficient manpower and logistics must be put in place well before time at all sites. Simultaneously, relevant information in this regard along with messages creating awareness and urging people regarding the same must be put in public domain. Saxena also said that this would facilitate the people and also ensure environment-friendly behaviour by way of prohibiting single use plastic, methodical disposal of waste at Ghats, waste collection measures etc. at places where offerings are to be made by the devotees.

The L-G also asked the Chief Minister to put requisite safety measures at all Ghats including marking of danger zone, barricading of deep waters to avoid any untoward incident, adequate lighting, deploying divers and rescue boats, etc.

Saxena also underlined some of the designated Ghats like Bhalswa lake, Wazirabad-Sonia Vihar, Badli, Bawana Industrial Area, Maidan Garhi, Kalindi Kunj, Budh Bazar-Uttam Nagar amongst others, where large congregation of devotees ranging from 10,000 to 4,00,00 is expected to be present. To facilitate the devotees, he said that proper planning for crowd management and securing law and order at all sites has already been discussed with Delhi Police.

The L-G informed that civic bodies in the city including NDMC, Municipal Corporation of Delhi MCD and Delhi Development Authority have also been directed to ensure cleanliness and make arrangements for other civic amenities under their jurisdiction in mission mode.

Heavy pollution and toxic foam seen in river Yamuna ahead of Chhath Puja near Kalindi Kunj in New Delhi on Friday.
Ranjan Dimri | Pioneer

BJP leaders thank L-G for making Chhath dry day

STAFF REPORTER ■ NEWDELHI

Lieutenant-Governor (L-G) VK Saxena on Friday declared Chhath Puja as a 'dry day' in the Capital. This is the first time a dry day will be observed on the occasion of Chhath Puja in the city.

The Opposition parties, both the BJP and the Congress, had demanded that Chhath Puja day should be declared a dry day. On Wednesday, the Delhi Congress had also sought a public holiday to be declared on the occasion of Chhath Puja.

Following the announcement, BJP MP Manoj Tiwari said, "the L-G has taken the decision of declaring 'dry day' on Sunday as per Section 2 (35) of the Delhi Excise Act, 2009, on the occasion of Chhath Puja."

Gupta took to Twitter to thank the L-G for accepting his plea. "Thank you@LtGovDelhi Shri Vinay Saxena' ji, for accepting the demand of Delhi BJP to declare "Chhath Mahaparv" as a dry day. This is the victory of all the brothers and sisters of Purvanchal. The BJP always stands for the public interest," he tweeted in Hindi.

According to reports, the Delhi Government has built around 1,100 ghats for Chhath Puja across the city.

BJP, AAP spar as Parvesh Verma misbehaves with DJB officer

STAFF REPORTER ■ NEWDELHI

The BJP and the ruling AAP continued to spar over the cleaning of the Yamuna River on Friday, with BJP MP Parvesh Verma landing in a controversy after a video showed him using inappropriate language while talking to an official of the Delhi Jal Board (DJB).

After this video, the AAP came down heavily on the BJP leaders who in a video were seen rebuking DJB officals for using a chemical to defoam the Yamuna, and alleged that the party was obstructing Chhath preparations.

In the video, Verma is heard asking a DJB official to take dip in the river and also calling him "*besharam, ghatiya aadmi* (shameless, horrible person)". "*Tu yahan pe dubki laga chal. Yahan pe log ayenge dubki lagane, tu lagake dikha pehle.* (People will come over here to take a dip in the river. You take a dip in the river.)," he said.

In the video, the official is also heard explaining that the chemical being put in the river is US FDA approved and is also cleared by National Mission for Clean Ganga (NMCG) for the use of cleaning the river.

To this Verma retorts, "*Tere sar pe daal doon?* (should I put this chemical on your head.)"

The video was shared by AAP MLA and DJB Vice-Chairman Saurabh Bharadwaj on Twitter. Verma is heard saying to the official that "*aath saal me yaad aya ki ye approved hai. Yahan logon ko maar rahe ho tum, aath saal mein tum isko saaf nahin kar paaye. Isme dubki lagao.* (After eight years, you have remembered now that it is approved? You are killing people here.

In eight years you could not clean it. Take a dip in the river now)," Verma is heard saying to the official.

In a subsequent tweet posted by Bharadwaj, some men can be seen countering Verma and other BJP leaders who had accompanied him, saying they only want the Yamuna River to be cleaned and don't care about which party is getting that done. "Delhi Government is preparing for Chhath Puja and BJP leaders are stopping work and misbehaving (with officials). The BJP wants Purvanchali brothers to suffer and festival to get spoiled," Bharadwaj said in a tweet in Hindi.

The AAP and the BJP have been targeting each other over the issue of Chhath Puja and pollution in the city river

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी DELHI 31 अक्तूबर, 2022 ▶ सोमवार
NAME OF NEWSPAPER ---------- DATED ----------

दिल्ली में 521 वाटर स्प्रिंगलिंग मशीनें, 233 एंटी स्मॉग गन, 150 मोबाइल एंटी स्मॉग गन पानी का छिड़काव कर रही हैं: गोपाल राय

दिल्ली में निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए सरकार ने गठित की 586 टीम

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को देखते हुए निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर रोक लगा दी गई है। सीक्यूएएम के आदेश पर दिल्ली में ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया गया है। निर्माण कार्यों पर रोक की निगरानी के लिए 586 टीमें बनाई गई हैं। दिल्ली में 521 वाटर स्प्रिंगलिंग मशीनें, 233 एंटी स्मॉग गन, 150 मोबाइल एंटी स्मॉग गन पानी का छिड़काव कर रही हैं। गोपाल राय ने आज सिविल लाइंस स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने की बायोमास बर्निंग, वाहनों का प्रदूषण और धूल वजह होती है। इसके साथ-साथ सर्दियों में हवा की गति कम होती है। जब मैट्रोलाजिकल कंडिशन में बदलाव होता है, तब हवा की स्पीड कम होती है। हवा का रूख का बदलता है। तब दिल्ली के प्रदूषण में वृद्धि होती है। सीक्यूएएम (कमीशन फार एयर क्लवालिटी मैनेंजमेंट) के निर्देशानुसार हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) का अनुमान लगाकर तीन दिन पहले से ही ग्रेप के

गोपाल राय

विभिन्न चरणों का लागू किया जाएगा। विशेषज्ञों की राय के अनुसार 1 नवंबर से हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटा होने का अंदेशा है। हवा का रूख उत्तर-पश्चिम होने का अनुमान है। जिसकी वजह से दिल्ली का एक्यूआई 400 से ऊपर जा सकता है, जो सिवियर कैटेगरी है। इसलिए सीक्यूएएम ने कल मीटिंग कर आदेश जारी किया है कि ग्रेप के तीसरे चरण को लगू किया जाए। हमने दिल्ली के अंदर कंस्ट्रक्शन से जुड़ी हुई एजेंसियों के साथ बैठक की। इसमे पीडब्लूडी, सीपीडब्लूडी, डीडीए तथा अन्य कंस्ट्रक्शन के काम में लगी एजेंसियां, पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारी शामिल थे।

सीक्यूएएम के आदेश पर पाबंदियों को लागू करने का लिया निर्णय

गोपाल राय ने कहा कि सीक्यूएएम के आदेश के अनुसार में दिल्ली ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया है। उसके क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत ऑनिटरिंग सिस्टम तैयार किया है। कंस्ट्रक्शन पर बैन के आदेश के बावजूद भी गतिविधियां चलती रहती हैं। इसलिए आज की बैठक के बाद कुल 586 टीमों का गठन किया है जो कि लगातार निर्माण/विध्वंस स्थलों का निरीक्षण करेंगी। इसमें में डीएमअरसी की 165, एनडीएमसी की 1, पीडब्लूडी की 6, दिल्ली कंटेनमेंट बोर्ड की 4, एमसीडी की 300, सीपीडब्लूडी की 6, डीपीसीसी की 33, डीएसआईडीसी की 20, डीडीए की 33, डीजेबी की 14, रेवेन्यु की 165 तथा आई एंड एफसी और एनएचआई की एक-एक टीमें हैं।

कुछ विभागों को छूट, निर्देशों का करना पड़ेगा पालन

राय ने कहा कि ऐसे में दिल्ली के अंदर आज से निर्माण तथा विध्वंस की गतिविधियों पर बैन लगाया जा रहा है। जिसकी निगरानी ये टीमें करेंगी। पहले ये टीमें धूल प्रदूषण के नियमों का उल्लघंन न हो, इसका निरीक्षण कर रहीं थी। निर्माण तथा विध्वंस पर बैन से कुछ विभागों को छूट दी जा रही है लेकिन उन्हें निर्माण तथा विध्वंस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना पड़ेगा।

इन विभागों को मिलेगी छूट...

रेलवे स्टेशन, मेट्रो, हवाई अड्डे, राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित निर्माण तथा विध्वंस साइट, अंतर्राज्यीय बस अड्डे, अस्पताल, सड़क एवं राजमार्ग, फ्लाईओवर, बिजली, सीवर लाइन, स्वच्छता परियोजनाओं पर निर्माण संबंधी छूट रहेगी। इसके साथ-साथ दिल्ली के अंदर जो इंटीरियर वर्क है, जैसे प्लम्बिंग का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, फर्निचर का काम की छूट रहेगी। निर्माण तथा विध्वंस स्थलों पर बोरिंग, ड्रिलिंग, खुदाई तथा भराई के काम पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। निर्माण एवं बिल्डिंग संचालन सहित तमाम संरचनात्मक निर्माण कार्य है, उसपर पूरी तरह बैन रहेगा। विध्वंस के कार्य पर पूरी तरह बैन रहेगा। निर्माण तथा विध्वंस साईट पर लोडिंग अनलोडिंग पर बैन रहेगा।

दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के लिए यूपी की डीजल बसों को जिम्मेदार ठहराया

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तरह से व्यवहार कर रही है उससे ऐसा लग रहा है कि वो चाहती है कि दिल्ली में प्रदूषण बढ़े, इसकी कोशिश भाजपा लगातार कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि यूपी सरकार से निवेदन है कि दो जगह आनंद विहार और विवेक विहार पर एक्यूआई बढ़ रहा है। वहां पर डीजल बसें चलाई जा रही हैं इसके बजाय सीएनजी बसों का इस्तेमाल किया जाए। तो वहीं उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं पर कहा कि अभी रिपोर्ट है कि 1800 जगहों पर पराली जलाई जा रही है। इससे उतना खतरा नहीं है लेकिन 1 नवंबर से हवा बदलेगी तो दिक्कत होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में और आसपास के इलाके में सर्दी में प्रदूषण बढ़ता है जिसकी दो तीन वजह है, पहला धूल, दूसरा गाड़ियों की वजह से। इसके अलावा मेट्रोलॉजिकल सिचुएशन जैसे हवा का रुख बदलता है तो वो भी प्रदूषण में बढ़ोतरी करता है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI

31 अक्तूबर, 2022 ▶ सोमवार

NAME OF NEWSPAPERS----------DATED----------

दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने छठ पूजा के बेहतर आयोजन किए: सिसोदिया

छठ घाटों पर पहुंचे विधायक और मंत्री, की पूजा-अर्चना

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : छठ पूजा के आयोजन को बेहतर बनाने के लिए आम आदमी पार्टी ने रविवार को पूरी ताकत झोंक दी। दिल्ली सरकार के मंत्रियों से लेकर विधायकों और कार्यकर्ताओं ने छठ घाटों का जायजा लिया। छठ पूजा से पहले तमाम व्यवस्थाओं को अपनी मौजूदगी में दुरुस्त करवाया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया।

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पटपड़गंज और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पुस्ता के प्रधान एन्क्लेव स्थित त्यागी छठ घाट का निरीक्षण किया। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक ने नारायणा विहार क्लब स्थित डीडीए पार्क, विधायक दिलीप पांडे ने मुखर्जी नगर स्थित सिगनेचर अपार्टमेंट, विधायक संजीव झा ने प्रधान एनक्लेव में तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्रतियों से भी उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने छठ पूजा के शानदार इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार बनने के बाद लगातार छठ पूजा के आयोजन बेहतर किए गए हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल बनने के बाद राजधानी में छठ पूजा का विस्तार हुआ है। पूरी दिल्ली में 11 सौ से अधिक घाटों पर छठ पूजा हो रही है। कोरोना की वजह से इसमें थोड़ी रुकावट आई थी लेकिन इस साल हर्ष उल्लास के साथ छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि छठ महापर्व पर छठी माता सभी को सुखी रखें। भगवान सूर्य आप सबको सुख, शांति, संपन्नता प्रदान करें।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer ----DATED----
NEW DELHI | MONDAY | OCTOBER 31, 2022

Sisodia, AAP Mins take part in Chhath celebrations

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Delhi Ministers and MLAs took part in the Chhath Puja celebration in their areas. Earlier they inspected the ghats to take stock of the preparations.

Delhi Environment Minister Gopal Rai alongwith Burari MLA Sanjiv Jha took part in the chhath puja celebration in Burari. Rai also participated in the Babarpur chhath puja samiti programme.

Revenue Minister Kailash Gahlot participated in the Jai Vihar-Najafgarh ghat. Deputy Chief Minister Manish Sisodia also visited ghats to take blessing from devotees. Durgesh Pathak went to Pusa ghat to take part in the chhath puja.

Earlier, Delhi Ministers and MLAs on Sunday inspected ghats and parks in various areas in Delhi to take stock of the preparations for the Chhath.

Sisodia inspected the Tyagi Chhath Ghat at Patparganj and Environment Minister Gopal Rai inspected the ghat at Pradhan Enclave.

Delhi Revenue Minister Kailash Gahlot on Sunday visited Chhath Ghats in Qutub Vihar and Dabri Mor to take stock of preparations for the festival.

Sisodia met the devotees while taking stock of the arrangements. He said that the Kejriwal Government has made great arrangements for Chhath Puja in Delhi.

"The devotees did not face any kind of difficulties. After the formation of the Kejriwal government in Delhi, the celebrations of Chhath Puja have been greatly improved," he said. During the visit Gahlot checked preparations regarding sanitation, lighting, water supply, making of temporary ponds, installation of CCTVs among others.

At Dabri Mor Chhath Ghats, Gahlot also interacted with fasting women and asked them about preparation regarding the festival.

"Just went to Qutub Vihar-Matiala and inspected the Chhath Puja Ghat. People are very happy with the arrangements made by Delhi government.

The members of Chhath Committee expressed their gratitude to Chief Minister Arvind Kejriwal area MLA Gulab Singh Yadav," Gahlot tweeted after the visit.

Delhi Jal Board Vice Chairman and AAP MLA Saurabh Bharadwaj also visited Chhath Ghats at Astha Kunj in East of Kailash area and took stock of preparations there.

Apart from this, Aam Aadmi Party MLA Shri Durgesh Pathak took note of the preparations at DDA Park, Naraina Vihar Club.

MLA Shri Dilip Pandey inspected the Signature Apartment Ghat in Mukherjee Nagar, and MLA Sanjeev Jha took stock of the preparations in the Pradhan Enclave.